दिनांक : 16.08.2022

प्रेस-विज्ञप्ति

''कृष्णा पब्लिक स्कूल, नेहरू नगर भिलाई में राष्ट्र स्तरीय 'प्रज्ञोत्सव' में ''थिरके कदमों के ताल पर नर्तक/नृत्यांगनाएँ''

कृष्णा पब्लिक स्कूल, नेहरू नगर, भिलाई में चल रहे राष्ट्रस्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'प्रज्ञोत्सव' में आज वेस्टर्न तथा लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न राज्यों से लगभग 800 प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का जादू बिखरने यहाँ पहुँचे।

आज के कार्यक्रम में विशेष अतिथि श्री विनोद शंकर जी (कल्चरल डिपार्टमेंट बी. एस. पी) रहे। छत्तीसगढ़ में वेस्टर्न डॉस को बढ़ावा देने का श्रेय भी इन्हें जाता है। इंटरनेशनल एशियन गेम में कोच पद को भी इन्होंने सुशोभित किया। इन्होंने अपने उद्‌बोधन में कार्यक्रम की सराहना करते हुए शाला की प्राचार्या व वरिष्ठजनों को बधाई दी साथ ही कहा कि प्रज्ञोत्सव के माध्यम से विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों के द्वारा छात्रों में आपसी सद्‌भावना एवं राज्यों की संस्कृति को जानने का अवसर भी प्राप्त होता है।

इस अवसर पर कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्‌यूशन्स के चेयरमैन श्री एम. एम. त्रिपाठी, श्रीमती कृष्णा त्रिपाठी, वाइस चेयरमैन श्री आनंद कुमार त्रिपाठी, सचिव श्री प्रमोद कुमार त्रिपाठी, डायरेक्टर श्री आलोक त्रिपाठी, प्राचार्या श्रीमती सविता त्रिपाठी, उपप्राचार्या श्रीमती रीता थॉमस उपस्थित रहे।

विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने वेस्टर्न डॉस की प्रस्तुति द्वारा दर्शकों का मन मोह लिया। अलग-अलग वेशभूषा धारण कर प्रतिभागियों द्वारा जब एकल व समूह लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गई तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा।

आज इस प्रतियोगिता के निर्णायकगण के रूप में रहे श्री रुपेश समुन्दे डॉस गुरू बिलासपुर तथा शबनम खान जो कि अंतर्राष्ट्रीय डॉसर, सोनी चेनल बुगी-बुगी शो में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित तथा जी. टी. वी. डॉस इंडिया डॉस में सुपर मॉम, रामदेव बाबा अवार्ड से सम्मानित रहीं। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कृष्णा पब्लिक स्कूल ने इस कार्यक्रम को आयोजित कर प्राचीन परंपराओं को भारत में जीवित रखने का एक बेहतर प्रयास किया जिसका प्रभाव समाज की उन्नति में सार्थक सिद्ध होगा।

शाला की प्राचार्या श्रीमती सबिता त्रिपाठी ने प्रतिभागियों की प्रतिभा को सराहते हुए कहा 'प्रज्ञोत्सव' हमारी सांस्कृतिक विरासत की जड़ों को मजबूत करने और बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को निखारने व मार्गदर्शन करने का सर्वोत्तम मंच है।

नृत्य व कला के शिक्षकों की मेहनत इस कार्यक्रम के मंचन में रंग लाया है। श्रीमती ज्योति शर्मा, श्री सपन भट्टाचार्य, श्री प्रकाश उमरे, श्रीमती धनेश्वरी साहू, श्री भूपेन्द्र साहू, सुश्री रितुपर्णा सेनगुप्ता, श्रीमती गर्विता दत्ता, श्री अजीत बैनर्जी एवं अन्य शिक्षकगण पूरे कार्यक्रम को आकर्षक व रोचक बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

मंच संचालन में शाला की शिक्षिकाएँ श्रीमती सुनीता त्रिपाठी, श्रीमती स्वाति जॉन एवं श्रीमती रश्मि तामगड़गे अपने मुख उद्गार द्वारा कार्यक्रम की शोभा लगातार बढ़ाती रही हैं।

प्राचार्या